तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
कोरबा भूमि

बिलासपुर, सोमवार 19 जनवरी 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4
मड़वारानी और उसके आसपास के एक दर्जन गांव में 24 घंटे बाद विद्युत व्यवस्था हुई बहाल



## खबर संक्षेप

### 33 जिलों में एक साथ गौ विज्ञान परीक्षा आज होगी

**कोरबा।** सोमवार को पूरे प्रदेश के 33 जिलों के 6000 से अधिक संस्थानों में एक साथ गौ विज्ञान परीक्षा होगी। 1 लाख 70 हजार से अधिक विद्यार्थी सहभागी होंगे। गौ सेवा संकल्प दिवस के रूप में परीक्षा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। गौ, राष्ट्र एवं जगत कल्याण के लिए इसी दिन सामूहिक सवा करोड़ श्री सुरभ्ये नमः मंत्र का जप भी किया जाएगा। साथ ही विद्यार्थियों को गौ वंश से ही होगा पंच परिवर्तन विषय पर प्रबोधन एवं गौ सेवार्थ प्रतिज्ञा भी कराई जाएगी। उक्त जानकारी देते हुए लालिमा जायसवाल प्रान्त गौ उत्पाद प्रशिक्षण प्रमुख, गौ सेवा गतिविधि ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य गौ संरक्षण एवं संवर्धन समिति द्वारा आयोजित गौ विज्ञान परीक्षा में विद्यार्थियों के बीच अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिल रहा है। इसके प्रथम चरण की परीक्षा 19 जनवरी को दोपहर 1 बजे से पूरे प्रदेश में एक साथ होगी।

### सिंधी समाज 21 को मनाएगा हेमूकालाणी का बलिदान दिवस

**कोरबा।** अंग्रेजों की गुलामी से भारतमाता को स्वतंत्र कराने के लिए देश के अनेक स्वतंत्रता सेनानीयो ने अपनी प्राणो की आहुति दी थी ऐसे ही अविभाजित भारत के सिंध प्रांत के अमर शहीद हेमूकालाणी जी ने भी अल्पायु में अपने प्राण हंसते हंसते मां भारती को अर्पण किया था। ऐसे स्वतंत्रता सेनानी अमर शहीद हेमूकालाणी का 83वां बलिदान दिवस पूज्य सिंधी पंचायत कोरबा के द्वारा 21 जनवरी को श्रद्धा भाव से मनाया जावेगा। पूज्य सिंधी पंचायत कोरबा के कार्यवाहक अध्यक्ष चंदन दास कोटवानी एवं सचिव नरेश कुमार जगवानी ने जानकारी दी कि 21 जनवरी को सिंधु भवन रानी रोड कोरबा में शहीद हेमूकालाणी द्वार के समीप सुबह 11 बजे अमर शहीद के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर श्रद्धाजलि दी जावेगी।

### दादरखुर्द मेंअखंड नवधा रामायण 22 से

**कोरबा।** ग्राम दादरखुर्द स्थित प्राचीन एवं ऐतिहासिक स्वामी जगन्नाथ मंदिर प्रांगण में श्रीराम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा की पावन तिथि 22 जनवरी से अखंड नवधा रामायण का भव्य आयोजन प्रारंभ होने जा रहा है। इस धार्मिक आयोजन का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की सहभागिता रहने की उम्मीद है। कलश यात्रा स्वामी जगन्नाथ मंदिर से प्रारंभ होकर पूरे ग्राम में भ्रमण करेगी। यह यात्रा राम मंदिर (ऊपर मोहल्ला) से होते हुए पुरानी बस्ती, मां सिद्धिदात्री कंकालीन मंदिर का दर्शन कर कथा स्थल पहुंचेगी, जहां विधिवत रामायण स्थापना एवं पूजन संपन्न होगा। आयोजन के दौरान प्रतिदिन प्रातःकालीन एवं सायंकालीन पूजन, भव्य आरती तथा प्रभात फेरी का आयोजन किया जाएगा। सायंकालीन आरती एवं पूजन भागवताचार्य पं. कृष्ण कुमार द्विवेदी के द्वारा संपन्न कराया जाएगा।

### राजेंद्र बने दर्री जमनीपाली कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष

**कोरबा।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से छग कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलेट ने प्रदेशभर में ब्लॉक अध्यक्षों की सूची जारी कर दिया है।



जिसमें जिले के सभी 15 ब्लॉक में अध्यक्षें के नाम शामिल है। ग्रामीण से 10 एवं बांकीमोंगरा सहित शहर से 5 ब्लॉक अअध्य की नियुक्ति की गई है। दर्री जमनीपाली ब्लॉक के अध्यक्ष पद पर राजेंद्र तिवारी की नियुक्ति की गई है। श्री तिवारी, पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल के करीबी हैं। श्री तिवारी इससे पहले दर्री जमनीपाली ब्लॉक के कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में कार्य कर चुके हैं।

# तीन सौ भूविस्थापितों को मिलेगा प्रति परिवार 6 लाख 78 हजार का मुआवजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

50 वर्ष पूर्व खदान के लिए जमीन का अधिग्रहण किया गया था। तब ज़मीन का मुवाअजा दिया जा चुका था, लेकिन इतने वर्षों बाद आज ज़मीन खाली करवाई जा रही है। भूविस्थापितों को मकानों का मुआवजा और बसाहट व शिफ्टिंग का उचित मुआवजा दिए किसी भी तरह से जमीन खाली करवाना गलत है। इतने वर्षों में एक-एक जमीन धारक के एक से अधिक परिवार हो चुके हैं, आज की स्थिति में सिर्फ एक ज़मीन धारक के बजाए एक एक परिवार के हिसाब से मुआवजा दिया जाए।

उक्त बातें उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने एसईसीएल विश्राम गृह एसईसीएल मानिकपुर खदान से प्रभावित ग्राम भिलाईखुर्द के भूविस्थापितों के साथ एसईसीएल प्रबंधन व जिला प्रशासन के द्वारा आयोजित त्रिपक्षीय वार्ता के दौरान कही। बैठक के दौरान मंत्री श्री देवांगन ने एसईसीएल के अधिकारियों को स्पष्ट शब्दों में कहा कि देश की ऊर्जा के लिए कोयला महत्वपूर्ण हैं, लेकिन भूविस्थापितों को साथ में लेकर खदानों का विस्तार करना होगा। मंत्री श्री देवांगन के निर्देश के बाद एसईसीएल के अधिकारियों ने बैठक में तीन निर्णय पर घोषणा की गई। जिसमें सभी परिवारों के मकान, परसम्पति की गणना कर मुआवजा दिया जाएगा। विस्थापन हेतु 6.78 लाख प्रति परिवार को देने की घोषणा की गई। साथ ही मानिकपुर खदान के आउटसोर्सिंग कंपनियों में भू विस्थापितों को रोजगार देने पर सहमति मनी। इस निर्णय का ग्राम भिलाईखुर्द के सभी भूविस्थापितों ने स्वागत करते हुए अपनी सहमति देते हुए मंत्री श्री देवांगन का आभार जताया। जिला प्रशासन के अधिकारियों को सभी परिवारों की बारीकी से गणनाकर जल्द से जल्द मुआवजा देने के निर्देशित किया। बैठक में मंत्री श्री देवांगन के निर्देश पर मुआवजा के साथ-साथ ⏭ शेष पेज 3 पर

## एसईसीएल मानिकपुर खदान से प्रभावित ग्राम भिलाईखुर्द का मामला

**खास बातें**

- कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन की पहल पर भूविस्थापितों का खुला मुआवजा का रास्ता



## अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सहित पुलिस के अधिकारियों ने किया कैश वेन की जांच

# कैश वेन का पुलिस ने किया औचक निरीक्षण पाई गई खामियां, थमाई जा सकती है नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर सहित आउटर के एटीएम में प्रतिदिन कैश वैन की गाड़ी पहुंचती है और एटीएम में पैसा डालने का काम करती है लेकिन कैश वेन में पैसा लेकर जाने के दौरान मापदंडों का पालन नहीं करती है। इस मामले का खुलासा तब हुआ जब अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने ऐसे कैश वैन का औचक जांच पड़ताल की तो कई कैश वेन में नियमों की अनदेखी की जा रही थी जिन्हें कड़ी फटकार लगाई गई है। बताया जाता है कि जल्द ही कैश में ऑपरेट करने वाले कंपनियों को पुलिस द्वारा नोटिस थमा सकती है। पुलिस द्वारा शहर में इस तरह की पहली जांच पड़ताल कैश वेन में की गई है निश्चिततौर पर पुलिस की इस कार्यवाही से सुरक्षा और पुख्ता होगी।



जांच पड़ताल करती पुलिस की टीम।

उल्लेखनीय की शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित होने वाले एटीएम जो अलग-अलग बैंक व प्रबंधनों द्वारा संचालित किया जाता है इन एटीएम में विभिन्न कंपनियों के माध्यम से कैश वेन संचालित होती है और कैशन वेन के माध्यम से ही एटीएम तक पहुंचती है और उनकी या पूरी एक्सपर्ट की टीम एटीएम में पैसा डालने का काम करती है शहर और आउटर में अलग-अलग कैश वेन की गाड़ी दौड़ती है जैसे ही कैश वेन के एक्सपर्ट को यह पता चलता है कि एटीएम में पैसा समाप्त होने वाला है एक्सपर्ट की टीम कैश वेन में लाखों रुपए लेकर जहां उन्हें शासन की गाइडलाइन का पालन कर एटीएम तक पहुंचाना होता है। शहर में कैश वेन शासन की गाईड लाइन का पालन कर रहे हैं कि नहीं यह देखने के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटले, नगर पुलिस अधीक्षक प्रतीक चतुर्वेदी, सिविल लाइन थाना प्रभारी नवीन पटेल ने सिविल लाइन में कैश वेन वाहनों का औचक निरीक्षण किया और इस दौरान पाया गया कि कैश वेन जो शहर व आउटर में दौड़ती है उसमें से कई वाहनों में कंपनी गाइडलाइन का प्रॉपर पालन नहीं कर रहे हैं, ऐसी कई खामियां पाई गई। जिसके बाद पुलिस के अधिकारियों ने उन्हें कड़ी फटकार लगाई है और शासन के नियमों का पालन करने उन्हें हिदायत दी गई। सूत्र बताते हैं कि जिन कैश वेन द्वारा गाइड लाइन का पालन नहीं किया जा रहा है उन्हें पुलिस जल्द ही नोटिस भी थमा सकती है।

### चलती कार में लगी आग, शॉर्ट सर्किट से मचा हड़कंप

**कोरबा।** मानिकपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत मुड़ापार स्थित लिटिल स्टेप स्कूल के पास एक ऑटो गैरेज में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक चलती कार में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। गैरेज में मौजूद मिस्त्री ने तत्काल पानी डालकर और केबल वायर काटकर आग पर काबू पा लिया।

जानकारी के अनुसार, एक युवक लाल रंग की कार लेकर गैरेज पहुंचा था। गाड़ी रोकते ही वह तुरंत बाहर निकला और मिस्त्री को आवाज लगाई। मिस्त्री के मौके पर पहुंचते ही कार में अचानक आग की लपटें उठने लगीं, जो देखते ही देखते बढ़ने लगी। कार चालक युवक ने बताया कि वह किसी काम से निकला था, तभी उसे गाड़ी से हल्का धुआं आता महसूस हुआ। वह किसी तरह कार को गैरेज तक लाया। जैसे ही उसने बोनट खोला, धुआं तेजी से निकलने लगा और उसने तुरंत मिस्त्री को बुलाया। बताया जा रहा है कि चूहे ने कार के केबल काट दिए थे, जिसके कारण शॉर्ट सर्किट हुआ और आग लग गई।

# सात दुकानों से बिना लाइसेंस के खरीदा गया 338 क्विंटल धान जब्त



कार्यवाही से जप्त किए गए धान।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कृषि उपज मंडी की टीम ने करतला ब्लॉक में 7 दुकानों से बिना लाइसेंस के खरीदे 338.40 क्विंटल धान को जब्त किया है। समर्थन मूल्य पर बिचौलिए खरीदी केंद्रों में धान की बिक्री न करें, इसके लिए ही छापामार कार्रवाई की जा रही है। कृषि उपज मंडी के सचिव नारायण पटेल के नेतृत्व में टीम ने सबसे पहले बरपाली तहसील के चिकनीपाली पहुंची। यहां संतोष साहू के गोदाम से 36.40 क्विंटल धान जब्त किया। इसी तरह तेरस साहू के गोदाम से 42.40 क्विंटल, रविंद्र अग्रवाल के गोदाम से 80 क्विंटल धान जब्त किया है। कोरकोमा के देव कुमार केशरवानी के गोदाम से 10 क्विंटल, राजू अग्रवाल के गोदाम से 35.20 क्विंटल, कुलेश्वर प्रसाद सोनी के गोदाम के 77.20 क्विंटल धान जब्त किया। इसके बाद बेहरचुंआ में सोनू अग्रवाल के दुकान से 57.20 क्विंटल धान जब्त किया है। करतला ब्लॉक में यह अब तक सबसे बड़ी कार्रवाई है। बिना मंडी लाइसेंस के धान की खरीदी नहीं की जा सकती। अब जब्त धान का 5 गुना जुर्माना देना होगा। किसानों से धान खरीदकर बिचौलिए केंद्रों में बेच देते हैं। इसे रोकने ही यह कार्रवाई की जा रही है।

# कटघोरा एसडीएम ने अवैध रेत उत्खनन पर की कार्रवाई, एक ट्रैक्टर जप्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसडीएम कटघोरा तन्मय खन्ना द्वारा जुराली घाट क्षेत्र में अवैध रेत उत्खनन की कार्रवाई के दौरान 6–7 ट्रैक्टरों को मौके पर रेत उत्खनन करते देखा गया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम द्वारा तत्काल राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम को मौके पर पहुंचकर जप्ती की कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

संयुक्त टीम के पहुंचते ही अधिकांश ट्रैक्टर चालक मौके से भागने का प्रयास करने लगे। इसके बावजूद एसडीएम श्री खन्ना स्वयं नदी पार कर दूसरे छोर में उत्खनन कर रहे ट्रैक्टर तक पहुंचे और उसे पकड़ने में सफलता हासिल की। उक्त वाहन ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 12 बी यू 6784 मौके पर 1 ट्रिप रेत छोड़कर भाग गया, जिसे जप्त कर थाना कटघोरा में सुपुर्द किया गया। वाहन पर अंकित श्री कृष्णा ट्रैक्टर से जानकारी लेने पर ज्ञात हुआ कि ट्रैक्टर भरत प्रजापति के स्वामित्व का है। इसके अतिरिक्त, अन्य ट्रैक्टर चालक भी भागने की कोशिश में अपने मोबाइल फोन मौके पर छोड़कर फरार हो गए। इन मोबाइल फोन के आधार पर उनकी पहचान की जा रही है। एसडीएम ने थाना प्रभारी को निर्देशित किया है कि संबंधित सभी व्यक्तियों के विरुद्ध नियमों के तहत कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए ताकि अवैध रेत उत्खनन पर प्रभावी रोक लग सके।




अवैध उत्खनन करते जप्त ट्रेक्टर।

# छमाही व प्री बोर्ड परीक्षा परिणाम की होगी समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वार्षिक परीक्षा के परिणाम में छःमाही और तिमाही परीक्षाओं के अंक जोड़े जाने के शासकीय निर्देश के तहत घरेलू परीक्षाओं के परीक्षा परिणाम महत्वपूर्ण हो गए हैं। जिसके लिए सभी स्कूलों के अर्द्धवार्षिक परीक्षा परिणाम की समीक्षा कलेक्टर स्वयं करेंगे। 20 जनवरी को कलेक्टोरेट में इसके लिए स्कूलों के सभी प्राचार्यों की बैठक आहूत की गई है।

**खास बातें**

- 20 जनवरी को सभी प्राचार्यों की बैठक कलेक्टोरेट में
- प्री बोर्ड परीक्षा की भी ली जाएगी जानकारी

हाईस्कूल हायर सेकेण्डरी बोर्ड परीक्षाओं के पूर्व उसकी तैयारियों को लेकर राज्य शासन के द्वारा प्री बोर्ड एग्जाम की प्रक्रिया बीते वर्ष से शुरु की गई है जिसके लिए जनवरी माह में इन परीक्षाओं का आयोजन किया जाता है इसी तरह दूसरा निर्देश घरेलू परीक्षाओं के परीक्षा परिणाम के लिए भी शासकीय निर्देश जारी हुए हैं। इन निर्देशों के तहत प्राइमरी स्कूल, मीडिल स्कूल के साथ कक्षा 9वीं और 11वीं के अर्द्धवार्षिक और तिमाही परीक्षा के अंक वार्षिक परीक्षा के परिणाम में जोड़े जाएंगे। इस तरह से प्री बोर्ड एग्जाम और घरेलू परीक्षाओं की समीक्षा की आवश्यकता को देखते हुए अब इनकी समीक्षा बैठक भी कलेक्टोरेट में आहूत होने लगी है। परिणाम स्वरुप 20 जनवरी को कलेक्टोरेट में बैठक आहूत की गई है जिसमें प्राइमरी स्कूल, मीडिल स्कूल से लेकर हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल के प्राचार्यों को बुलाया गया है जिन्हें अपने अपने स्कूल की परीक्षा परिणाम के साथ उपस्थित होने को कहा गया है। घरेलू परीक्षाओं के अंक वार्षिक परीक्षा में जोड़े जाने के निर्देश पहली बार इस वर्ष ही जारी हुए हैं। लिहाजा इनकी समीक्षा आवश्यक हो गई है।

### शिक्षक प्रैक्टीकल परीक्षा ले या कॉपियों का मूल्यांकन करें

17 जनवरी को प्री बोर्ड परीक्षा समाप्त हुई है। जिनकी कॉपियों को मूल्यांकन के लिए अलग अलग स्कूलों को भेजा गया है। 20 जनवरी को परीक्षा परिणाम की समीक्षा किए जाने के निर्देश के बाद 18 और 19 जनवरी 2 दिन में शिक्षकों को कॉपियों का मूल्यांकन करना होगा और परीक्षा परिणाम तैयार करना होगा। 2 दिन में ही हजारों की संख्या में प्री बोर्ड की परीक्षा दिलाने वाले छात्रों की कॉपियों का मूल्यांकन और परीक्षा परिणाम तैयार करना असंभव प्रतीत हो रहा है लेकिन अधिकारियों के निर्देश से प्राचार्यों और शिक्षकों पर एक और दबाव बढ़ गया है। 10 जनवरी से प्रैक्टीकल परीक्षा भी शुरु हो गई है। ऐसी स्थिति में शिक्षकों के समक्ष यह समस्या खड़ी हो गई है कि वह प्रैक्टीकल परीक्षा लेने जाएं या कॉपियों का मूल्यांकन करें।

### ड्यूटी और शिक्षकों की कमी से प्रभावित हुई पढ़ाई

युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया से अधिकांश शिक्षकों के अपनी नई पदस्थापना वाले स्कूलों में लंबे समय से ज्वाइनिंग नहीं देने के कारण पढ़ाई प्रभावित हुई है। प्राथमिक शाला से लेकर हायर सेकेण्डरी स्कूल तक में शिक्षकों की ज्वाइनिंग का काम अभी तक चल रहा है ऐसी स्थिति में पहले ही स्कूलों की पढ़ाई प्रभावित हुई उसके बाद एसआईआर में शिक्षकों की ड्यूटी लगाने से अर्द्धवार्षिक परीक्षा को दिसंबर माह में निरस्त कर जनवरी माह में ली गई। इन दोनों ही स्थिति में पढ़ाई प्रभावित हुई है जिसका असर परीक्षा परिणाम में नजर आएगा।

## छग राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी के कोरबा पश्चिम संयंत्र का मामला

# बिना राख लोड किए काटे जा रहे थे गेट पास, शिकायत के बाद जांच में खुलासा


हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छग राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी के कोरबा पश्चिम संयंत्र में साइलो से जुड़े ट्रक लोडिंग सिस्टम में अनियमितता का मामला सामने आया है। आरोप है कि बिना राखड़ लोड किए ही ट्रकों के गेट पास काटे जा रहे थे। इस गड़बड़ी की शिकायतें लगातार मिल रही थीं, जिसके बाद विद्युत कंपनी प्रबंधन ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए इसकी जांच शुरु कर दी है।

उल्लेखनीय है कि छग राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी के 1340 मेगावाट विद्युत उत्पादन क्षमता वाले कोरबा पश्चिम के इकाईयों से उत्सर्जित राख के विस्थापन के लिए साइलो सिस्टम का उपयोग किया जाता है। शिकायत के बाद जांच के दौरान पता चला है कि यह पूरा खेल कुछ अधिकारियों, पीएलसी फील्ड ऑपरेटरों और राख परिवहन से जुड़े ठेकेदारों की आपसी सांठगांठ से चल रहा था। हर पाली में ट्रक लोडिंग पर्चियों और गेट पास में हेराफेरी की जा रही थी, जिसे अब गंभीर अपराध की श्रेणी में माना गया है।



साइलो जहां से जारी हो रहे थे गेट पास।



शिकायत के बाद जारी की गई नोटिस।

सीएसईबी प्रबंधन ने साफ किया है कि सिविल विभाग इन्हीं गेट पास और पर्चियों के आधार पर ठेकेदारों को भुगतान करता है। ऐसे में फर्जी गेट पास सीधे तौर पर शासन और प्रबंधन को आर्थिक नुकसान पहुंचा रहे थे। इसे केवल अनुशासनहीनता नहीं, बल्कि गंभीर वित्तीय गड़बड़ी माना गया है। प्रबंधन ने सभी पीएलजी और फील्ड ऑपरेटरों को कड़ी चेतावनी जारी की है कि किसी भी हालत में फर्जी या गलत पर्ची न बनाई जाए। साथ ही ओएडंएम में कार्य कर रही एजेंसियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने कर्मचारियों पर सख्त निगरानी रखें और नियमों का पूरी तरह पालन कराएं। प्रबंधन ने चेताया है कि भविष्य में इस तरह की गड़बड़ी दोबारा सामने आई तो संबंधित ठेकेदारों और कर्मचारियों पर भारी पेनाल्टी के साथ कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। जरूरत पड़ने पर सेवा से हटाने तक की कार्रवाई भी की जा सकती है।

### हर रोज 50 ट्रेलर के कट रहे थे फर्जी गेट पास

सूत्रों की मानें तो पीएलसी फील्ड ऑपरेटरों और राख परिवहन करने वाले ठेकेदारों की मिलीभगत से रोजाना करीब 50 ट्रेलरों के फर्जी गेट पास काटे जा रहे थे। शिकायत मिलने के बाद प्रबंधन की टीम ने जब सीसीटीवी फुटेज खंगाले, तो बिना राख लोड किए ट्रकों को गेट पास जारी करने की पुष्टि हुई। मामले के उजागर होते ही विद्युत कंपनी प्रबंधन की ओर से संबंधित स्थानों पर नोटिस चस्पा कर दिए गए हैं। अधिकारियों ने मामले को बेहद गंभीर बताते हुए साफ कहा है कि अब पूरे सिस्टम पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी और किसी भी स्तर पर गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**खबर संक्षेप**

## स्टेशन में उतरते ही महिला की मौत



**बिलासपुर।** रेलवे स्टेशन में ट्रेन पहुंचने के बाद जैसे ही महिला यात्री को उतारा गया, वैसे ही उसकी मौत हो गई। जीआरपी ने पोस्टमार्टम के बाद शव को अंतिम संस्कार के लिए परिजन के सुपुर्द कर दिया है। जानकारी के अनुसार महुआ बलरामपुर निवासी 35 वर्षीय संगीता बरवा अपने पति रामधारी कुर्रे के साथ बीमारी का उपचार कराने के लिए मुम्बई गई हुई थी। मुम्बई ने महिला का उपचार करने के बाद उन्हें वापस कर दिया था। इस दौरान महिला का पति रामधारी कुर्रे कार पेंटर का काम कर रहा था। अपनी पत्नी का उपचार कराने के बाद रामधारी कुर्रे छत्रपति शिवाजी टर्मिनल मुम्बई-हावड़ा मेल से वापस बिलासपुर जनरल कोच में सफर कर रहा था। ट्रेन के भाटापारा स्टेशन पहुंचने के बाद रामधारी ने अपनी पत्नी को समोसा खिलाया, जिसके बाद वे सो गईं। रामधारी ने कई बार अपनी पत्नी को आवाज लगाई, लेकिन वे नहीं उठ सकीं। इस दौरान उनकी सांस चल रही थी। वहीं जानकारी मिलते ही जीआरपी और डॉक्टरों की टीम स्टेशन पर मौजूद थी। ट्रेन के बिलासपुर स्टेशन पहुंचते ही महिला को जैसे ही उतारा गया, उनकी मौत हो गई। डॉक्टर ने भी जांच के बाद महिला को मृत घोषित कर दिया। रविवार को मृतका का शव पंचनामा और पोस्टमार्टम कार्रवाई करने के बाद अंतिम संस्कार के लिए परिजन को सौंप मर्ग कायम कर लिया गया।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत



**बिलासपुर।** तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। सकरी टीआई विजय चौधरी ने बताया, ग्राम पेंडारी निवासी शशिकांत कौशिक पिता रामबिलास कौशिक 19 साल 18 जनवरी को सुबह 11 बजे अपने घर से बाइक क्रमांक सीजी 10 सीए, 3441 से निकले थे। सैदा तिवारीपारा नेशनल हाइवे में अज्ञात वाहन के चालक ने तेज गति से लापरवाही पूर्वक चलाते हुए उनकी बाइक को टक्कर मारकर भाग गया। हादसे में श्री कौशिक की मौके पर ही मौत हो गई और उनकी बाइक क्षतिग्रस्त हो गई है। सूचना पर पुलिस ने शव का पंचनाम कर पोस्टमार्टम के बाद परिजन को सौंप दिया है।

**पिछले साल लेक्चरर ही पकड़ाई थी नकल कराते हुए**

**उड़नदस्ता दल भी हो गया था फेल, इस बार भी सख्ती नहीं, एक भी सेंटर संवेदनशील नहीं**

# शिक्षा विभाग ने माना, जिला हो गया बोर्ड परीक्षाओं में नकलमुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शिक्षा विभाग ने यह मान लिया है कि बोर्ड परीक्षाओं में बिलासपुर जिले में नकल नहीं होती है। इसलिए ही तो इस बार 10 वीं 12 वीं की परीक्षाओं के लिए जो 131 सेंटर बनाए गए हैं उसमें एक भी संवेदनशील या अतिसंवेदनशील नहीं है।

शिक्षा विभाग ने हालांकि उड़नदस्ता जरूर बनाया है। यह क्यों बना है इसके बारे में कोई नहीं बता रहा है। उधर यह भी तय किया गया है कि बोर्ड परीक्षाओं के लिए अब परीक्षा केंद्र सिर्फ सरकारी स्कूलों में ही बनाए जाएंगे। निजी स्कूलों के परीक्षा केंद्रों को चरणबद्ध तरीके से समाप्त कर उन्हें सरकारी स्कूलों में स्थानांतरित किया जाएगा। हालांकि जिन क्षेत्रों में 3-4 किलोमीटर के दायरे में कोई शासकीय स्कूल उपलब्ध नहीं होगा, वहां नजदीकी निजी स्कूल को अस्थायी रूप से परीक्षा केंद्र बनाए जाने की छूट दी गई है। गौरतलह है कि पिछले साल भी जिले में 10वीं-12वीं बोर्ड परीक्षा में नकल रोकने के लिए 6 उड़नदस्ता दल का गठन किया था। जिसमें 36 अधिकारी शामिल थे। उन्हें परीक्षा के दौरान जिले में एक भी नकलची छात्र नहीं मिले। हालांकि शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने शहर से लगे उसलापुर स्थित हायर सेकेंडरी स्कूल में एक महिला लेक्चरर को नकल कराते रंगे हाथों जरूर पकड़ा था। जिसे बाद में डीपीआई ने सस्पेंड कर दिया था। अब इस साल परीक्षा के लिए जो 131 सेंटर बनाए गए हैं उसमें से एक भी संवेदनशील या अतिसंवेदनशील नहीं है।

विभाग का कहना है कि मस्तूरी क्षेत्र के जिन सेंटरों में नकल की लगातार शिकायत मिलती थी उन्हें पहले ही बंद कर दिया गया है। इसके अलावा पिछले कुछ सालों में नकल की शिकायत नहीं के बराबर हैं और प्रकरण भी नहीं बने हैं। जाहिर है विभाग का मानना है कि जिला पूरी तरह नकल से मुक्त हो गया है।

### 6 उड़नदस्ता दल एक भी प्रकरण नहीं

पिछले साल हुई बोर्ड परीक्षा में जिला शिक्षा अधिकारी ने जिले में नकल रोकने के लिए 6 उड़नदस्ता दल बनाए थे। इसमें हर दल में 6 अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई थी। उन्हें परीक्षा केंद्रों की निगरानी करने की जिम्मेदारियां दी गई थी। लेकिन, हैरानी की बात है कि जिले के एक भी दल को किसी भी परीक्षा केंद्र में एक भी नकलची छात्र नहीं मिले। हालांकि बोर्ड परीक्षा के दौरान 17 मार्च 2024 को लोक शिक्षण संचालनालय के अधिकारियों ने जिले के स्कूलों का औचक निरीक्षण किया था। इस दिन दसवीं बोर्ड की सामाजिक अध्ययन विषय की परीक्षाएं चल रहीं थी। तखतपुर विकासखंड के उसलापुर स्थित गवर्नमेंट हायर-सेकेंडरी स्कूल में ड्यूटी करने वाली लेक्चरर कक्ष क्रमांक 5 में स्टूडेंट को प्रिंटेड नकल सामग्री देते हुए पकड़ी गई।

**फैक्ट फाइल**





- जिले में 10 वीं में कुल परीक्षार्थी - 22292
- जिले में 12 वीं में कुल परीक्षार्थी- 14072
- जिले में बोर्ड परीक्षा के लिए सेंटर- 131

### वाहवाही लूटी लेकिन कार्यप्रणाली पर सवाल

हालांकि बोर्ड परीक्षा में लेक्चरर के नकल कराने का मामला सामने आने के बाद अब शिक्षा विभाग भी सवालों के घेरे में आ गया है। कहा जा रहा है कि परीक्षा के बाद विभाग के अधिकारियों ने जिले में एक भी नकल प्रकरण नहीं बनने के नाम पर वाहवाही लूट थी। वहीं, उड़नदस्ता दल के कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठ रहा है। कहा जा रहा है कि जब स्कूल में टीचर नकल करा रही थी, तब स्थानीय टीम को यह सब पता कैसे नहीं चला। जाहिर है उडनदस्ता दल के साथ ही शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने अपना काम सही तरीके से नहीं किया और जानबूझकर नकल की छूट दी गई।

### उड़नदस्ता गठित होगा

इस बार 10 वीं 12 वीं की परीक्षाओं के लिए जो 131 सेंटर बनाए गए हैं उसमें एक भी संवेदनशील या अतिसंवेदनशील नहीं है। नकल पर रोक के लिए उड़नदस्ता दल का गठन किया जाएगा।

**- विजय तांडे,** जिला शिक्षा अधिकारी

**जागरूकता अभियान के बाद भी ट्रैफिक नियमों को तोड़ रहे नाबालिग वाहन चालक**

# ट्रैफिक नियम ताक पर, शहर में स्कूली बच्चे तेज रफ्तार बाइक में मार रहे फर्राटे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जागरूकता अभियान चलाए जाने के बावजूद ट्रैफिक नियमों को ताक पर रखकर जान जोखिम में डालते हुए नाबालिग व स्कूली बच्चे कीमती तेज रफ्तार बाइक में फर्राटे मार रहे हैं। नाबालिग वाहन सवारों पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है।

ट्रैफिक पुलिस के द्वारा लगातार जनजागरूकता अभियान चलाते हुए शहर एवं ग्रामीण इलाकों के स्कूल, कोचिंग सेंटर में क्लास लेकर छात्र छात्राओं को 18 साल से कम उम्र होने पर बिना लाइसेंस के वाहन नहीं चलाने की सलाह दी जा रही है, सभी को ट्रैफिम नियमों की जानकारी देते हुए जागरूक भी किया जा रहा है। उसके बावजूद नाबालिग बेखौफ होकर बिना लाइसेंस के कीमती तेज रफ्तार बाइक में फर्राटे मार रहे हैं। आलम यह है कि शहर के सभी स्कूलों में अधिकांश बच्चे तेज रफ्तार बाइक, बुलेट में स्कूल आना जाना कर रहे हैं। ड्रेस में स्कूली बच्चे आसानी से शहर के चौक चौराहे से वाहन से निकल जाते हैं। ड्यूटी में तैनात ट्रैफिक पुलिसकर्मियों के द्वारा उन्हें रोककर समझाइश तक नहीं दी जा रही है। लगातार हादसे के बाद भी पुलिस प्रशासन नाबालिगों के द्वारा वाहन चलाने पर रोक नहीं लगा पा रही है।





नेहरू चौक से सीपत रोड की ओर तीन सवारी स्कूटी दौड़ाती महिला पुलिस।

**परिजन दे रहे हाईस्पीड बाइक:** ट्रैफिक नियमों को तार तार करते हुए परिजन अपने नाबालिग बच्चों को हाईस्पीड बाइक दे रहे है। उनके ही रजामंदी से नाबालिग बच्चे हाईस्पीड बाइक से स्कूल आना जाना कर रहे है। इसके अलावा उसी बाइक से दोस्तों के साथ घूमकर रेसिंग व स्टंट कर रहे है।

**तीन सवारी घूम रहे बच्चे:** छुट्टी होने के बाद स्कूल के आसपास पर स्कूली ड्रेस में छात्रों को तीन सवारी बिना हेलमेट के बुलेट सहित अन्य हाई स्पीड बाइक में फर्राट मारते देखना आमबात हो गई है। इसमें छात्राएं भी पीछे नहीं हैं, तीन सवारी गाड़ी चलाते देखना आमबात है। इसी बच्चे मोबाइल में बात करते हुए बाइक, स्कूटी चलाते नजर आ रहे है।

### स्कूलों में नहीं लग रहा प्रतिबंध

पूर्व में पुलिस प्रशासन व शिक्षा विभाग द्वारा स्कूलों के प्राचार्यों की बैठक लेकर स्कूली बच्चों को बाइक व स्कूली लेकर आने से प्रतिबंध लगाने का आदेश दिया गया था। उसके बावजूद स्कूली बच्चे बेखौफ बुलेट, हाईस्पीड बाइक, स्कूटी से स्कूल आ रहे हैं।

### वाहन मालिक व नाबालिग दोनों बनते हैं आरोपी

अभियान चलाकर स्कूलों के पास वाहन चेकिंग कर नाबालिगों को पकड़कर कार्रवाई की जाती है। नाबालिग बच्चों के द्वारा कोई दुर्घटनाकारित करने पर नाबालिग व वाहन मालिक को आरोपी बनता है। दोनों के खिलाफ पुलिस के द्वारा कार्रवाई की जाती है।

**-रामगोपाल करियारे,** ट्रैफिक एडीशनल एसपी







# परिवहन विभाग की जांच, 93 बसें अनफिट



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

लगातार मिल रही शिकायतों के बाद परिवहन विभाग ने शैक्षणिक संस्थाओं में संचालित होने वाले स्कूल बसों की मैकेनिकल व वाहन प्रपत्रों की जांच रविवार को की, इस दौरान 233 स्कूल बसें पहुंचीं, जिनमें 93 बसें को परिवहन विभाग के अधिकारियों को कमी नजर आई, अधिकारियों ने 93 बसों को अनफिट करार दिया और 3 दिनों में कमियों को पूरा करने का आदेश जारी कर दिया है।

- **3 दिन में दुरूस्त कर देनी होगी जानकारी**

बहतराई स्टेडियम में परिवहन विभाग द्वारा स्कूल बसों की मैकेनिकल एवं वाहन प्रपत्रों की जांच शिविर आयोजित की गई। चालकों व परिचालकों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। विभाग के समक्ष अधिकारी, पुलिस विभाग, यातायात पुलिस एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम मौजूद रही। यहां 233 स्कूल बस मैकेनिकल के लिए आई, जिसमें 140 स्कूल बसें निर्धारित मापदण्ड में सही पाई गई। वहीं 93 बसें अनफिट मिली। 93 बसों में से 18 में प्रदूषण प्रमाण पत्र, 37 अग्निशमन, 12 ड्रायविंग लायसेंस, 2 बीमाविहीन , 1 फिटनेस, 3 लंबित टैक्स, 10 प्राथमिक उपचार पेटी, 3 सीसीटीव्ही जैसी कमियां पाई गई। आरटीओ ने बसों की कमियों को देखते हुए संचालकों को 3 दिन के भीतर सुधार करने के निर्देश दिए है। इस दौरान परिवहन विभाग के योगेश्वर प्रसाद टंडन, संतन देव जोगी, वेदराम साहू, करन सोनी, रामगोपाल यादव व अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### ड्राइवर और स्टॉफ का परीक्षण

स्वास्थ्य विभाग द्वारा 233 वाहन ड्राइवर व बस स्टाफ का नेत्र परीक्षण एवं बीपी, शुगर जांच किया गया। इस दौरान 26 में शुगर की बीमारी पाई गई और 21 लोगों में बीपी की समस्या थी। 9 लोग ऐसे मिले जिनमें चर्मरोग व अन्य सामान्य बीमारियां पाई गई।

### होगी ब्लैकलिस्ट, किया जाएगा परमिट निरस्त

आरटीओ असीम माथुर ने कहा कि निर्धारित मापदण्डों के अनुसार वाहन का संचालन नहीं करने पर संचालकों के खिलाफ मोटरयान अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी। वहीं इस दौरान ब्लैकलिस्ट एवं परमिट निरस्त करने जैसे बड़े निर्णय लिए जा सकते है। उन्होंने कहा कि 3 दिन के भीतर कमियों को पूरा कर कार्यालय में सूचना देने के लिए कहा गया है। इसके बाद स्कूल में पहुंच कर जांच की जाएगी।

# अलग-अलग घटनाओं में तीन लोगों पर चाकू, हंसिया से हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अलग अलग घटनाओं में तीन लोगों पर चाकू, हंसिया से हमला कर दिया गया है। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।



कोतवाली पुलिस के अनुसार, दयालबंद मधुबन मुक्तिधाम निवासी प्रमोद दास मानिकपुरी उर्फ मखना 17 जनवरी को शाम 5.30 बजे घर से जा रहे थे। इसी दौरान संजय सोनकर उर्फ जरहा ने पुरानी रंजिश को लेकर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया, जिससे उनकी गर्दन में चोट आई है। दूसरी घटना में तोरवा पुलिस के अनुसार, देवरीखुर्द अटल आवास निवासी रेहाना किन्नर के पति वरून महानंद ने बार बार फोन करने की बात पर गाली गलौज कर चाकू से हमला कर दिया। जिससे हाथ की कलाई में चोट आई है। तीसरी घटना में सकरी पुलिस के अनुसार, बंधवापारा निवासी नंदनी यादव 17 जनवरी को घर में काम कर रही थी।

इसी दौरान उनके पति दीपक यादव ने शराब पीकर घर आया और गाली गलौज कर मारपीट करने लगा। मना करने पर उसने पत्नी नंदनी पर हसिया से हमला कर दिया, जिससे उनके हाथ में चोट आई है। पुलिस ने तीनों मामले में अपराध कायम कर लिया है।

### आजीविका ऋण मेले में 9 करोड़ से अधिक का लोन स्वीकृत

**जांजगीर-चांपा।** जनपद पंचायत बम्हनीडीह के शासकीय हाई स्कूल भवन ग्राम पंचायत कपिस्दा में आजीविका ऋण मेला एवं रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस दौरान पात्र हितग्राहियों और युवाओं, ग्रामीणों स्व सहायता समूह की महिलाओं को लाभान्वित किया गया। आजीविका ऋण मेला में विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत कुल 311 ऋण प्रकरणों को स्वीकृति प्रदान की गई, जिनके माध्यम से 9 करोड़ 73 लाख रुपये से अधिक की ऋण राशि स्वीकृत की गई है। दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) अंतर्गत आयोजित आजीविका ऋण मेला के माध्यम से स्व सहायता समूहों एवं पात्र हितग्राहियों को बैंक ऋण से जोड़ते हुए स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराए गए। दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत कुल 311 प्रकरणों को स्वीकृत करते हुए 9 करोड़ 73 लाख 94 हजार रुपये की ऋण राशि प्रदान की गई। ऋण मेला के दौरान हितग्राहियों को ऋण स्वीकृति आदेश की प्रतियां वितरित की गईं।

# अंधे कत्ल का पर्दाफाश, 3 युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

ट्रक ड्राइवर से मारपीट कर नकद रकम, मोबाइल लूटने के बाद चाकू मारकर खलासी के अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाने में एसीसीयू टीम को बड़ी सफलता मिल गई है। टीम ने लूटपाट करने वाले तीन आरोपियों को पकड़कर लूटे गए मोबाइल, नकद रकम जब्त कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

एसएसपी रजनेश सिंह ने मामले का खुलासा करते हुए बताया, 17 अगस्त 2025 को कोरिया बैकुंठपुर निवासी ड्राइवर राज सिंह खलासी अनूपपुर भालूमाड़ा पपारी निवासी पारसनाथ केंवट पिता स्व. लालमन केंवट 52 साल के साथ अंबुजा सीमेंट फैक्ट्री से गाड़ी सीमेंट लोडकर जा रहे थे। रात 4.30 बजे कोनी गतौरी के पास टायर फट जाने से खलासी नीचे में टायर बदल रहा था और वह केबिन में सो गए। इसी दौरान अज्ञात बाइक सवार 3 लोग तलवार, चाकू से लैस होकर आए और खलासी के पास मारपीट करते हुए केबिन में चढ़कर उनके साथ मारपीट करते हुए 11 हजार रुपए नकद, मोबाइल लूट लिया।

खलासी पारसनाथ केंवट ने बीच बचाव किया तो उस पर चाकू से हमला कर भाग गए थे। 23 अगस्त को खलासी पारसनाथ केंवट की मौत हो गई थी। कोतमा से डायरी आने पर 15 जनवरी 2026 को कोनी पुलिस ने मामले में अज्ञात के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया था। एसएसपी श्री सिंह के निर्देश पर एसीसीयू टीम अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाने में जुट गए थे। प्रभारी हेमंत आदित्य ने पूर्व में हाइवे में लूटपाट करने वाले अपराधियों का रिकार्ड खंगाला गया। उसके आधार पर उन्होने टीम के साथ घेराबंदी कर तीन संदेहियों को पकड़कर पूछताछ की गई। कड़ाई बरतने पर तीनों से ट्रक ड्राइवर व खलासी से मारपीट कर चाकू से जान लेवा हमला करना स्वीकर कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूटे गए मोबाइल, नकद रकम वारदात में प्रयुक्त बाइक बरामद कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

### एक सप्ताह पहले से जेल से छूटे

पुराना रिकार्ड खंगालने के बाद एसीसीयू टीम संदेही तिफरा निवासी जय दिवाकर पिता बबला दिवाकर के घर के पास घात लगाकर तैनात हो गए थे। रात के अंधेरे में वह अपने घर आया तो टीम ने घेरकर उसे पकड़ लिया। कड़ाई बरतने पर उसने अन्य दोस्तों के साथ मिलकर ट्रक ड्राइवर से मारपीट कर लूट करने के बाद खलासी पर चाकू से हमला करना स्वीकार कर लिया। उक्त घटना के बाद उसने साथियों के साथ सिमगा में चाकू अड़ाकर लूट के मामले में जेल चला गया था। एक सप्ताह पहले ही जेल से जमानत पर छूट कर घर आया था।

### हिर्री, चकरभाठा में भी लूट

पकड़े गए आरोपियों ने कड़ाई से पूछताछ करने पर चकरभाठा थाना क अपराध क्रमांक 5/ 2026 धारा 304, 2 व हिर्री थाना के अपराध क्रमांक 64 / 2025 धारा 309, 4 के प्राथियों के साथ मारपीट कर लूटपाट करना स्वीकार किया है। चकरभाठा व हिर्री पुलिस के द्वारा पृथक से आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

### पकड़े गए आरोपी

- जय दिवाकर पिता बबला दिवाकर 20 साल बजरंग नगर आवासपारा तिफरा
- सूरज साहू पिता सुरेश साहू 20 साल राम मंदिर के पास तिफरा
- प्रदीप धूरी पिता परसराम धूरी 19 साल मन्नाडोल तिफरा

# पकड़े गए कट्टा अड़ाकर लूटपाट करने वाले तीन लुटेरे

**बिलासपुर।** एसीसीयू टीम ने कट्टे की नोंक पर पेट्रोलपंप में कर्मचारी से नकद रकम लूटने वाले तीन लुटेरों को पकड़ लिया है। पुलिस ने तीनों लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया है।

एसएसपी रजनेश सिंह ने बताया, 11 जनवरी की रात 11 बजे रतनपुर जाली स्थित बीबी पेट्रोल पंप के सेल्समेन बसंत कुमार कैवर्त अकेले ड्यूटी कर रहे थे। इसी दौरान बिना नम्बर के पल्सर में तीन 3 लड़के आए और एक हजार का पेट्रोल भरने के लिए कहा। पेट्रोल डालने के बाद युवक पेमेंट करने के लिए स्कैन करने के लिए उसके पास आए। सेल्समैन को धक्का मारकर एक युवक कट्टा अड़ाकर बिक्री रकम 10 से 15 हजार रुपए लूटकर बाइक से भाग गए थे। एसीसीयू टीम पतासाजी कर रहे थे। ट्रक ड्राइवर से लूट कर खलासी के हत्या के मामले में पकड़े गए आरोपियों को पल्सर दिखाकर पूछताछ की गई तो उसने बताया, पाली निवासी वेद प्रकाश वैष्णों की है पहले वह सिरगिट्टी में रहकर इसी पल्सर में घूमता था। उसके आधार पर टीम ने वेद प्रकाश व उसके अन्य दो साथियों को पकड़कर पूछताछ की तो तीनों ने पेट्रोलपंप कर्मी से लूटपाट करना स्वीकार कर लिया। उनके कब्जे से एक देशी कट्टा, जिंदा कारतूस, एक चाकू, 3 मोबाइल, 2500 रुपए नकद बरामद किया है।



### पकड़े गए आरोपी

- वेद प्रकाश वैष्णों पिता कृष्णा दास 23 साल कोरबी हरदीबाजार पाली
- अभिषेक प्रजापति पिता स्व. फगुलाल प्रजापति 22 साल पाली कुम्हारपारा
- कपिल पटेल पिता दिलहरन पटेल 21 साल उदयनगर पाली

# रातभर अभियान चलाकर पुलिस ने एक साथ 56 वारंटियों को पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले में कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस ने बीती रात व्यापक कॉम्बिंग गश्त और विशेष दबिश अभियान चलाकर 56 फरार वारंटियों को अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार किया गया।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार अभियान के दौरान 34 गिरफ्तारी वारंटी एवं 22 स्थाई वारंटी पकड़े गए। वहीं थाना चांपा क्षेत्र में डकैती के एक मामले में पिछले दो वर्षों से फरार चल रहे दो स्थाई वारंटियों को भी पुलिस ने धर दबोच लिया, जिससे अपराधियों में हड़कंप मच गया है। अलग-अलग थाना क्षेत्रों में की गई कार्रवाई के तहत थाना जांजगीर से 12 गिरफ्तारी वारंटी व 2 स्थाई वारंटी, चौकी नैला से 2 गिरफ्तारी वारंटी, थाना बलौदा से 1 गिरफ्तारी व 4 स्थाई वारंटी, थाना अकलतरा से 3 गिरफ्तारी व 1 स्थाई वारंटी, थाना मुलमुला से 1 गिरफ्तारी व 1 स्थाई वारंटी, थाना पामगढ़ से 3 स्थाई वारंटी, थाना नवागढ़ से 6 गिरफ्तारी वारंटी, थाना शिवरीनारायण से 3 गिरफ्तारी व 5 स्थाई वारंटी, थाना चांपा से 3 गिरफ्तारी व 4 स्थाई वारंटी, थाना बम्हनीडीह से 1 स्थाई वारंटी, थाना बिर्रा से 1 गिरफ्तारी व 1 स्थाई वारंटी तथा कोटमीसोनार से 2 गिरफ्तारी वारंटियों की गिरफ्तारी की गई। रातभर चले इस विशेष अभियान में जिले के सभी संबंधित थाना प्रभारियों, अनुविभागीय अधिकारियों एवं पुलिस बल ने पूरी मुस्तैदी और सतर्कता के साथ कार्य किया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले में शांति, सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए असामाजिक तत्वों एवं फरार वारंटियों के विरुद्ध इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।



# सर्वमंगला चौक पर राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौड, की प्रतिमा होगी स्थापित

## छग प्रांतीय राठौर क्षत्रिय सभा के शपथ ग्रहण में शामिल हुए उद्योग मंत्री





हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

छत्तीसगढ़ प्रांतीय राठौर क्षत्रिय सभा के नवनिर्वाचित पदाधिकारी और कार्यकारिणी के अभिनंदन समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन और कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत शामिल हुए।

डीडीएम रोड स्थित राठौर क्षत्रिय समाज भवन में आयोजित कार्यक्रम में मंत्री श्री देवांगन ने भारत माता, छत्तीसगढ़ महतारी और राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौड के जयकारों के साथ उन्होंने कहा कि सर्वमंगला मंदिर चौक पर राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौड की प्रतिमा स्थापित करने की घोषणा की। उन्होंने प्रदेश और समाज को आगे बढ़ाने में राठौर समाज की एकजुटता और संगठित होकर कार्य करने की सराहना की। समाज की मांग पर समाज के भवन के आंतरिक विकास एवं अन्य निर्माण कार्य हेतु 11.50 लाख की लागत से भवन के विकास के लिए राशि स्वीकृत की गई थी, इसका कार्य प्राथमिकता से प्रारम्भ कर पूर्ण किया जा चुका है। इसके अलावा ढोढीपारा के सामने में सामुदायिक भवन हेतु 20 लाख की स्वीकृति दी जा चुकी है, इसका जल्द भूमिपुजन आप सभी के उपस्थिति में सम्पन्न कर कार्य प्रारम्भ किया जाएगा। इस अवसर पर गोवर्धन राठौर, पवन राठौर, राजेंद्र राठौर, ओकार राठौर, नरेंद्र राठौर, संतोष राठौर, पार्षद नरेंद्र देवांगन, सनत राठौर, मनोज राठौर, डॉ विजय राठौर, राजेश राठौर, कृष्णा राठौर, राजकुमार राठौर, दीप राठौर, पार्षद श्रीमती उर्वशी राठौर, अजय राठौर, निखिल राठौर उपस्थित रहे।

### 107 गांव में योजना का काम हो चुका है पूरा, फिर भी पानी की दिक्कत

# जलजीवन मिशन की 150 टंकियों का काम पूरा, मल्टीविलेज पर चल रहा काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बीते 4 साल से जिले में चल रही जलजीवन मिशन योजना अंतर्गत 150 टंकियों का काम पूरा हो चुका है। उसके बाद भी कहीं पानी सप्लाई नहीं होने, कहीं नल कनेक्शन की समस्या सामने आ रही है मल्टीविलेज का काम भी चल रहा है। कार्य में लापरवाही बरतने वाले 14 ठेका फर्मों को नोटिस जारी हो चुकी है। 107 गांव में योजना का काम पूर्ण हो चुका है।

**खास बात**

- अब तक 14 ठेका फर्मों को काम में लापरवाही बरतने पर जारी हो चुकी है नोटिस

केंद्र सरकार की घर घर शुद्ध पेयजल पहुंचाने ग्रामीण अंचलों में शुरु की गई जल जीवन मिशन योजना की शुरुआत वर्ष 2021 में हुई थी तबसे इस योजना में 703 गांवों को शामिल कर दिया गया है। सभी गांव में योजना के तहत पानी टंकी के निर्माण से लेकर पाइप लाइन बिछाने का काम एवं घर घर नल कनेक्शन देने का कार्य किया गया है। ये सभी कार्य अलग अलग ठेका फर्मों के तहत की गई है। इनमें ओवरहेड टैंक का निर्माण अलग ठेका फर्म कर रही है। वहीं पाइप लाइन बिछाने और नल कनेक्शन देने का काम दूसरी ठेका फर्म कर रही है। लगभग 20 ठेका फर्म इस योजना में काम कर रही है। 14 ठेका फर्मों के काम में लापरवाही बरतने और समय पर काम पूरा नहीं करने की वजह से नोटिस भी जारी की गई है। योजना के तहत 107 गांव ऐसे हैं जिसमें पानी टंकी के निर्माण के साथ पाइप लाइन बिछाने और नल कनेक्शन देने का पूरा हो चुका है। पंचायत के सरपंचों द्वारा ठेका फर्मों को कार्य पूर्ण होने का पूर्णता प्रमाण पत्र भी दे दिया गया है। जबकि हकीकत इसके ठीक उलटी है।



फाइल फोटो

**बोर से भरे जाएंगे ओवरहेड टैंक**

योजना अंतर्गत पूर्ण किए गए 107 गांव में जिन टंकियों में पानी नहीं भरा जा सका है उन टंकियों में बोर खनन कर पानी भरने का काम किया जाएगा। बोर खनन का काम भी शुरु कर दिया गया है। कुछ ऐसे गांव हैं जहां जलस्तर नीचे चले जाने के कारण बोर भी काम करना बंद कर देते हैं। जिसकी वजह से मिशन की योजना ऐसे गांव में सफल होती नजर नहीं आती। ऐसे गांव में पानी पहुंचाने के लिए बांगो क्षेत्र में तैयार हो रही मल्टीविलेज योजना में शामिल किया गया है।

# डिंगापुर के शासकीय आयुष पाली क्लिनिक में रक्तदान शिविर का आयोजन



अतिथि का स्वागत करते समिति के सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

डिंगापुर में शासकीय आयुष पाली क्लिनिक के प्रांगण में श्री बजरंगी जन कल्याण समिति के नेतृत्व में रविवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। उक्त आयोजन को सफल बनाने में स्वर्गीय विशाहू दास महंत स्मृती शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबंध इंदिरा गांधी चिकित्सालय जिला कोरबा के ब्लड बैंक का उक्त महा रक्तदान शिविर में सराहनीय योगदान रहा। शिविर का प्रारंभ जिले में पदस्थ विशेष न्यायाधीश एससी एसटी स्पेशल कोर्ट कोरबा के जज श्री जयदीप गर्ग के द्वारा रक्तदान कर किया गया एवं जिला आयुष अधिकारी कोरबा डॉ उदय शर्मा एवं डॉ दिवाकर त्रिपाठी समाजसेवी अखिल भारतीय सतनामी युवा कल्याण समिति प्रदेश अध्यक्ष मनीराम जांगड़े के साथ ही समिति के अध्यक्ष रघुवंशी सोनी की उपस्थिति रही। उक्त आयोजन के संबंध में जिला आयुष अधिकारी उदय शर्मा ने कहा कि निश्चित रूप से जय बजरंगी कल्याण समिति के द्वारा जो यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है निश्चित रूप से बहुत ही प्रशंसनीय है। साथ ही आने वाले समय में भी समिति के द्वारा और भी समाज हित में जनकल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित करेंगे। रक्तदान में कुल 13 नागरिकों ने रक्तदान किया। इस दौरान रघुवंशी सोनी, मुनीराम यादव, रामकुमार, सत्यनारायण पटेल, राजेंद्र, रामेश्वर सूर्यवंशी, यशपाल कंवर, पुष्पेंद्र कर्ष, तरुण केवट, संदीप तिवारी, मनहरण टंडन, चेतन दास, केशव कुमार सहित अन्य उपस्थित रहे।

# कमला नेहरू महाविद्यालय में आर्ट ऑफ लिविंग की कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



वर्कशॉप को संबोधित करते हुए।

पढ़ाई हो या काम, अपना पूरा प्रयास देने के लिए मन व शरीर दोनों में सामंजस्य और एकाग्रता होना चाहिए। इसके लिए तन और मन, दोनों की प्रसन्नता जरूरी है। आर्ट ऑफ लिविंग हमें जीवन जीने की यही कला सिखाता है।

उक्त बातें शनिवार को कमला नेहरू महाविद्यालय कोरबा में प्राचार्य डॉ प्रशांत बोपापुरकर के मार्गदर्शन में आयोजित आर्ट ऑफ लिविंग की कार्यशाला को संबोधित करते हुए आर्ट ऑफ लिविंग बैंगलुरु के स्वामी विभूदानंद ने कहीं। इस कार्यशाला में छात्र छात्राओं को मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कार्यक्रम में आर्ट ऑफ लिविंग के शिक्षक सत्यप्रकाश गुप्ता, अग्रसेन महाविद्यालय शिक्षण समिति के उपाध्यक्ष श्याम अग्रवाल, शिक्षा संकाय की विभागाध्यक्ष डॉ भारती कुलदीप भी उपस्थित रहे। उन्होंने कमला नेहरू महाविद्यालय के प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों को अनेक महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। प्राचार्य डॉ प्रशांत बोपापुरकर ने कहा कि शैक्षणिक या पाठ्यक्रम के अलावा महाविद्यालय में समय समय पर इस तरह की अनेक गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। इसका उद्देश्य केवल यही है कि विद्यार्थी पढ़ाई के साथ साथ अपने मन मस्तिष्क और व्यक्तित्व को बेहतर स्तर पर ले जाने सहायता की जा सके। खासकर शिक्षा संकाय के विद्यार्थी, जो आगे चलकर शिक्षक के गरिमामई पद पर सुशोभित होंगे, उन्हें समाज को उचित दिशा प्रदान करने सही राह दिखाई जा सके, महाविद्यालय प्रबंधन की ओर से ऐसा प्रयास किया जा रहा है।

# सेवा और संकल्प के साथ अपना घर सेवा आश्रम में मनाया गया मकर संक्रांति महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




मकर संक्रांति के अवसर पर उपस्थित सेवा आश्रम के सदस्य।

छत्तीसगढ़ को लावारिसमुक्त करने के संकल्प के साथ संचालित अपना घर सेवा आश्रम में मकर संक्रांति का पर्व मनाया गया। इस अवसर पर आश्रम की नवीन कार्यकारिणी का गठन, सेवाभावी सदस्यों का सम्मान और नई पत्रिका का विमोचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य संपन्न हुए।

**खास बात**

- 71 सौ में एक दिन की भोजन सेवा से जुड़ सकेंगे दानदाता

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत, भाजपा जिला महामंत्री नरेन्द्र देवांगन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीतीश ठाकुर, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. पवन सिंह, रोटरी क्लब के अध्यक्ष नितिन चतुर्वेदी एवं आश्रम की सदस्या श्रीमती शीला सिंह उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा भारत माता और राम दरबार के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। संस्था ने अपने जमीनी सेवकों, रोटी बैंक से जुड़ी महिलाओं और निरंतर सहयोग करने वाले दानदाताओं को सम्मानित किया। इसी कड़ी में आश्रम की नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की गई, जिसमें अध्यक्ष शिव अग्रवाल, सचिव पी. दत्ता, कोषाध्यक्ष गुरकमल सिंह शामिल हैं। आश्रम द्वारा इस अवसर पर मिशन 365 का भव्य शुभारंभ किया गया। इसके तहत प्रतिदिन 5सौ से अधिक जरूरतमंदों को भोजन कराने का लक्ष्य रखा गया है। संस्था ने अपील की है कि कोई भी व्यक्ति 71सौ की सेवा राशि प्रदान कर एक दिन की संपूर्ण भोजन सेवा का जिम्मा उठा सकता है और इस पुनीत कार्य का भागीदार बन सकता है। आयोजन को सफल बनाने में अविनाश गुप्ता, अविनाश दुबे, रोहित कश्यप, निखिल यादव, शिवा प्रतीक, मिहिर कैवर्त, प्रभजोत और राणा मुखर्जी का योगदान रहा।

## खबर संक्षेप

### जिले में की गई 52 स्कूल बसों की फिटनेस जांच, 6 पर जुर्माना

**बलरामपुर।** जिले में सड़क सुरक्षा माह के तहत रविवार को स्कूल व कॉलेज के बसों की जांच का अभियान चलाया गया। अभियान के तहत जिले के शंकरगढ़, वाड्रफनगर व रामानुजगंज विकासखंड में कुल स्कूली बसों की जांच की गई। जांच में 6 वाहनों में कमी पाए जाने पर 11 हजार 500 रुपए का जुर्माना लगाया गया। बता दें कि एसपी वैभव बैंकर के निर्देश पर एएसपी विश्व दीपक त्रिपाठी के नेतृत्व में 37वां राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है। इस अभियान के तहत एसपी ने सभी स्कूल व कॉलेज के बसों की जांच के निर्देश दिए थे। ऐसे में यातायात प्रभारी विमलेश कुमार देवांगन के नेतृत्व में रविवार को जिले के शंकरगढ़, वाड्रफनगर, एवं रामानुजगंज मुख्यालय में स्कूली बस निरीक्षण शिविर लगाया गया। शिविर में 52 की सुप्रीम कोर्ट के गाइड लाइन के अनुसार जांच की गई। जांच के दौरान वाहन का पंजीयन प्रमाण पत्र, मोटरयान कर जमा की रसीद, वाहन का परमिट, वाहन का फिटनेस प्रमाण पत्र, वाहन का बीमा प्रमाण पत्र, वाहन का प्रदूषण प्रमाण पत्र, चालक का अनुज्ञा पत्र, स्पीड गवर्नर, हेड लाईट, ब्रेक लाईट, पार्किंग लाईट, इंडिगेटर लाईट, स्टेयरिंग की स्थिति, सहित अन्य जांच की गई। प्रभारी श्री देवांगन ने बताया बस के आगे और पीछे स्कूल बस लिखा होना चाहिए। अगर बस किसी और उद्देश्य की भी है (जैसे किराए की बस), तो उस पर स्कूल बस लिखा होना चाहिए। बस में फर्स्ट ऐड बॉक्स, सीटों के नीचे बस्ता रखने के लिए स्थान, फायर इंस्टिग्विशर, स्पीड गवर्नर होना अनिवार्य है। जांच के दौरान 6 वाहनों में कमी पाई गई जिसके बाद 11 हजार 500 रुपए का जुर्माना लगाया गया। इस कार्रवाई में जिला परिवहन अधिकारी यशवंत कुमार यादव, चौकी प्रभैर डाकेश्वर सिंह, यातायात से सिकन्दर कुजूर एवं टीम तथा थाना रामानुजगंज में यातायात प्रभारी विमलेश कुमार देवांगन सउनि जबलून कुजूर, प्रधान आरक्षक महामाया शर्मा, दिलीप नेताम, शंकरगढ़ में थाना प्रभारी जितेन्द्र जायसवाल, सउनि सुखेन सिंह, आरक्षक संदिप बेक, परविन्द, सुरेष पैकरा, मनोज कुजूर, संतोष भारती सक्रिय रहे।

### घर से स्कूटी व बाइक चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

अंबिकापुर। घर के पोर्च में खड़े बाइक और स्कूटी की चोरी करने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से चोरी के वाहन बरामद किए है। बताया जा रहा है कि लुंड्रा थाना अंतर्गत ग्राम चिरंगा नवापारा निवासी रघुवीर अग्रवाल 16 जनवरी को परिवार के सभी सदस्य किसी काम से अंबिकापुर गए हुए थे और रघुवीर अग्रवाल ने शाम को घर के बाउंड्री में मौजूद मेन गेट में ताला लगा दिया और सोने चला गया। रात के समय रघुवीर अग्रवाल की पत्नी और बच्चे वापस आए तो देखा कि उसकी बाउंड्री में लगा मुख्य गेट का ताला टूटा हुआ था और पोर्च में खड़ी होंडा बाइक क्रमांक सीजी 15 डीयू 8552 व स्कूटी जुपिटर क्रमांक सीजी 15 ईडी 6867 चोरी हो गई थी। इसके साथ ही चोर ने परिसर में लगे दो नग सीसीटीवी कैमरे को भी तोड़ दिया था। ऐसे में युवक की शिकायत पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर आरोपी की तलाश कर रही थी। इस मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने नवापारा ऊपरपोड़ी निवासी 20 वर्षीय बबुआ उर्फ संजय मरावी आ. केश्वर सिंह मरावी को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर चोरी की बाइक व स्कूटी को बरामद किया है इसके साथ ही ताला तोड़ने में प्रयुक्त लोहे का रॉड जब्त किया है। इस कार्रवाई में थाना लुंड्रा सउनि महेन्द्र सिंह, एसआर साहू, आरक्षक शिव प्रसाद खलखो, विरेन्द्र खलखो, बालकेश्वर सिंह सक्रिय रहे।

### देर रात छापामार कार्रवाई में 700 बोरी धान व ट्रक जब्त

**सीतापुर।** देर रात छापामारी कार्रवाई करते हुए धान खरीदी केंद्र में खपाने अवैध रूप से लाया गया धान प्रशासन ने बिचौलिए के पास से जब्त किया है। जब्त धान में से 300 बोरी धान घर मे पाया गया जिसे जब्ती के बाद सील करते हुए बिचौलिये के सुपुर्द किया गया है। वही अवैध धान परिवहन में लगे ट्रक में 4 सौ बोरी धान था जिसे जब्त करने के बाद धान समेत ट्रक को केरजु चौकी के हवाले कर दिया गया है। देर रात प्रशासन की इस कार्यवाही से धान बिचौलियों में हड़कंप मचा हुआ है। प्राप्त जानकारी अनुसार देर रात मुखबिर की सूचना पर प्रशासनिक अमला तहसीलदार गोविंद सिन्हा के नेतृत्व में छापामारी कार्यवाही करने ग्राम सरगा पहुंचा जहां बिचौलिये लक्ष्मीकांत आप्टे द्वारा ट्रक के जरिए अवैध रूप से धान मंगाकर उसे अपने घर मे संग्रहित किया जा रहा था ताकि उस धान को वो मौका देख धान खरीदी केंद्र में खपा सके। देर रात प्रशासन ने बिचौलिये के घर मे दबिश देते हुए उसके सारे किये कराये पर पानी फेर दिया। दबिश के दौरान प्रशासनिक अमला ने घर मे अवैध रूप से संग्रहण किया गया 3 सौ बोरी धान जब्त कर लिया। इसके साथ ही अवैध धान परिवहन में लगे ट्रक क्रमांक सीजी 14 एमएस 9833 में लदा हुआ 4 सौ बोरी धान भी जब्त कर उसे अपने कब्जे में ले लिया। प्रशासनिक अमला ने घर से जब्त 3 सौ बोरी धान को सील करते हुए उसे बिचौलिये के सुपुर्द कर दिया।जबकि 4 सौ बोरा धान समेत जब्त ट्रक को देर रात केरजु चौकी के हवाले कर दिया गया।प्रशासनिक अमला द्वारा देर रात की गई छापामार कार्यवाही से धान के बिचौलियों में हड़कंप मच गया है।

**हेल्थ प्लस**

# हृदय रोगियों के लिए वरदान बना एनकेएच का कैथलैब, एक दिन में 46 मरीजों का उपचार



**कोरबा।** सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल एनकेएच में कैथलैब की सुविधा होने से जिले के हृदय रोगियों को अब बड़े शहरों जैसी अत्याधुनिक चिकित्सा सेवाएं अपने ही शहर में उपलब्ध हो रही हैं। इससे मरीजों को इलाज के लिए बाहर जाने की मजबूरी नहीं रह गई है और समय रहते उपचार मिलने से कई मरीजों की जान बचाना संभव हो सका है। ठंड के मौसम में हृदय संबंधी बीमारियों के मामलों में बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। इसी क्रम में एक दिन में 46 से अधिक हृदय रोगी एनकेएच पहुंचे, जहां सभी को तत्काल इलाज उपलब्ध कराया गया। कार्डियोलॉजी विशेषज्ञ डॉ. एस.एस. मोहंती के नेतृत्व में आवश्यक जांच के बाद 4 मरीजों की एंजियोग्राफी तथा 2 मरीजों की एंजियोप्लास्टी सफलतापूर्वक की गई। फिलहाल सभी मरीज स्वस्थ हैं और चिकित्सकीय निगरानी में हैं। एनकेएच में रायपुर के सुपर स्पेशलिस्ट डॉ. सतीश सूर्यवंशी, डॉ. एस.एस. मोहंती एवं डॉ. दीपक कुमार नियमित रूप से अपनी सेवाएं दे रहे हैं। ये विशेषज्ञ हर माह 4 से 6 बार अस्पताल में विजिट करते हैं तथा आपात स्थिति में भी तुरंत पहुंचकर मरीजों का उपचार करते हैं। एनकेएच ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स के डायरेक्टर डॉ. एस. चंदानी ने बताया कि कैथलैब शुरू होने से कोरबा और आसपास के क्षेत्रों के मरीजों को अब बड़े शहरों की ओर रुख नहीं करना पड़ रहा है। इससे समय और खर्च दोनों की बचत हो रही है, वहीं त्वरित इलाज मिलने से मरीजों की जान को होने वाले जोखिम में उल्लेखनीय कमी आई है। उन्होंने बताया कि कार्डियोलॉजी विभाग में संचालित यह कैथलैब जिले की पहली ऐसी सुविधा है, जहां हृदय रोगों से संबंधित सभी अत्याधुनिक जांच और उपचार एक ही छत के नीचे उपलब्ध हैं। एनकेएच की यह पहल कोरबा को चिकित्सा के क्षेत्र में नई पहचान दिला रही है और हृदय रोगियों के लिए जीवनदान साबित हो रही है।

### भावी शिक्षकों ने प्रस्तुत की नवाचारी शिक्षण सोच

**कोरबा।** कोलंबिया कॉलेज ऑफ एजुकेशन द्वारा स्टरलाइट एडइंडिया फाउंडेशन रायपुर के सहयोग से इंटर-कॉलेज शिक्षण योजना प्रतियोगिता 2026 का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता कमला नेहरू महाविद्यालय के बी.एड. द्वितीय वर्ष के 32 शिक्षार्थियों ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने वास्तविक कक्षा परिदृश्यों को ध्यान में रखते हुए तैयार की गई संरचित और संदर्भ-संवेदनशील शिक्षण योजनाएँ प्रस्तुत कीं। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य केवल सैद्धांतिक ज्ञान नहीं बल्कि व्यावहारिक शिक्षण कौशल, विद्यार्थी सहभागिता और समावेशी शिक्षण दृष्टिकोण को प्रोत्साहित करना था। कॉलेज-स्तरीय प्रतियोगिता शिक्षार्थियों के लिए सीखने के उद्देश्यों, शिक्षण विधियों, मूल्यांकन तकनीकों और कक्षा प्रबंधन की समझ को प्रदर्शित करने का अवसर रही।

प्रो.नं. 13/2026 प्रकरण क्रमांक 15/2025
पेशी तारीख -12.02.2026

**आम ईश्तहार/नोटिस**

**न्यायालय सीमा प्रताप चंद्रा जिला न्यायाधीश, (एफ.टी.सी.) जिला कोरबा (छ.ग.)**

गजेन्द्र जायसवाल ............अपीलार्थी

बनाम

कार्यालय जिला कोषालय वगै. .........उत्तरवादी

उपरोक्त आवेदक गजेन्द्र जायसवाल के द्वारा कार्यालय जिला कोषालय वगै0 के विरुद्ध धारा 384 उत्तराधिकार अधिनियम 1925 के तहत आम जनता न्यायालय सीमा प्रताप चंद्रा जिला न्यायाधीश, एफ.टी.सी. कोरबा, जिला कोरबा छ.ग. के न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है और उक्त प्रकरण की आगामी दिनांक 12.02.2026 है।

अतः अनावेदकगण (आम जनता जिसका इससे कोई संबंध हो) को उक्त प्रकरण के संबंध में यदि कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक को सुबह 11.00 बजे उपस्थित होकर अपना दावा आपत्ति इस न्यायालय में पेश करें, अन्यथा प्रकरण की सुनवाई आपके विरुद्ध एक पक्षीय कार्यवाही करते हुए की जाएगी।

नोट :- अगर उक्त दिनांक को न्यायालय का अवकाश हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई आगामी कार्य दिवस में की जावेगी। आज दिनांक 08.01.2026 को न्यायालय के मोहर एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**(सुश्री सीमा प्रताप चन्द्रा)**
**जिला न्यायाधीश, (एफ.टी.सी.)**
**कोरबा (छ.ग.)**

NKH SUPER SPECIALITY HOSPITAL
INSPIRING BETTER HEALTH
NABH
FREE NEURO OPD SERVICES
आपके दिमाग और नसों की सेहत के लिए
न्यूरो सर्जरी एवं न्यूरोलॉजी विभाग
पूरे जनवरी माह निःशुल्क OPD परामर्श
डॉ. शिवानी प्रगदा
न्यूरोसर्जन
डॉ. मनीष गोयल
न्यूरोलॉजिस्ट
किन समस्याओं के लिए परामर्श लें-
✓ एंडोस्कोपिक स्पाइन सर्जरी
✓ ब्रेन एवं स्पाइन ट्यूमर सर्जरी
✓ लकवा (स्ट्रोक) व ब्रेन हैमरेज उपचार
✓ मिर्गी, माइग्रेन व नसों के रोग
✓ पार्किनसन रोग प्रबंधन
✓ स्लिप डिस्क / सायटिका उपचार
✓ स्ट्रोक व सर्जरी के बाद पूर्ण पुनर्वास
✓ स्पाइनल कॉर्ड इंजरी व चेहरे के लकवे का पुनर्वास
महत्वपूर्ण सूचना-
OPD परामर्श पूर्णतः निःशुल्क
पूर्व पंजीयन आवश्यक
पंजीयन हेतु संपर्क करें-
860-2599-122 TOLL FREE 1800-3096-570
न्यू कोरबा हॉस्पिटल, मंगलम विहार कोसाबाड़ी, कोरबा

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप

### छत्तीसगढ़ की मेजबानी में प्रथम राष्ट्रीय रोवर रेंजर जंबूरी का हुआ आयोजन

**दीपिका।** भारत स्काउट व गाइड्स द्वारा आयोजित प्रथम राष्ट्रीय रोवर रेंजर जंबूरी में पीएम श्री सजेस्ट दीपिका के प्रतिभागियों मनीष, सहराज़ अमरजीत, कुंदन,आदित्य, मानसी, लेविना, तृप्ती नें अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए दीपिका को गौरवान्वित किया। जिला बालोद के दूधली में 9 से 11 जनवरी तक छत्तीसगढ़ की मेजबानी में प्रथम राष्ट्रीय रोवर रेंजर जंबूरी का जंबूरी का आयोजन हुआ। जिसमें 36 राज्यों से लगभग 15 हजार की संख्या में सीनियर स्काउट गाइड्स रोवर रेंजर्स सहित राज्य व राष्ट्रीय मुख्यालय के पदाधिकारी तथा स्टाफ ने भागीदारी की। 6 रोवर व दो रेंजर व गाइड की भागीदारी रही। कोरबा जिला का नेतृत्व जिला रूप में दीपिका की व्याख्याता श्रीमती आशालता कौशिक के कुशल नेतृत्व में संपन्न हुआ। छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णु देवसाय, उप मुख्यमंत्री अरुण शाह, स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव सहित अन्य गणमान्यजनों ने अतिथि के तौर पर उपस्थित थे और युवाओं का मार्गदर्शन किया। युवा शक्ति से राष्ट्र निर्माण टीम को लेकर आयोजित हुई जंबूरी में सांस्कृतिक आदान-प्रदान के कार्यक्रमों और एथेनिक फैशन शो ट्रैवल कार्निवल ने लोगों का दिल जीत लिया। प्रदर्शनी के माध्यम से कला संस्कृति का प्रदर्शन किया गया।

### केराझरिया में पाली कालेज का सात दिवसीय शिविर प्रारम्भ

**बरपाली।** शासकीय नवीन महाविद्यालय पाली के राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय शिविर का प्रारंभ शनिवार से राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ हर्ष पान्डेय के नेतृत्व में पाली के निकटतम ग्राम पंचायत केराझरिया में हुआ। शिविर के उद्घाटन मुख्य अतिथि सत्य नरायण पैकरा, विशिष्ट अतिथि श्रीमती गिरिजा पैकरा, रायसिंह पैकरा, और सौरभ श्रीवास थे। कार्यक्रम अधिकारी डॉ हर्ष पान्डेय ने सात दिवसीय शिविर के उद्देश्य और कार्य के सम्बन्ध में सविस्तार पूर्वक प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में रासेयो के शिविर को ग्राम पंचायत और क्षेत्र के लिए लाभदायक बताया तथा शिविर को सभी प्रकार से सहयोग देने की बात किया। सरपंच श्रीमती गिरजा पैकरा ने ग्राम पंचायत में शिविर लगाने तथा स्वयंसेवक द्वारा स्वच्छता, नशा मुक्ति, और पर्यावरण के लिए किये जाने वाले जागरूक कार्यक्रम की प्रशंसा की। इस उद्घाटन कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक, सत्येन्द्र सिंह, डॉ शेख तस्लीम अहमद, सुनील कंवर, श्रीमती गीता यादव सहित ग्राम पंचायत केराझरिया के नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### पीएम रोजगार सृजन योजना से युवक बन रहे आत्मनिर्भर

**कोरबा।** पाली विकासखंड अंतर्गत ग्राम मुंगाडीह में रहने वाले किसान परिवार के बेटे आकाश कुमार डिक्सेना ने कठिन परिस्थितियों के बावजूद हार नहीं मानी। आकाश ने स्कूल शिक्षा के बाद कॉलेज से एमए (इंग्लिश एवं संस्कृत) और बी.एड. की पढ़ाई पूरी की। पढ़ाई के बाद उन्होंने कुछ समय तक एक निजी कॉलेज में सहायक प्राध्यापक के रूप में कार्य किया, लेकिन कम वेतन के कारण वे संतुष्ट नहीं थे। इसी दौरान उन्हें अखबार के माध्यम से प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना की जानकारी मिली। योजना के बारे में जानकर उन्होंने स्वरोजगार के माध्यम से अपने पैरों पर खड़े होने का निर्णय लिया। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना के अंतर्गत आकाश कुमार डिक्सेना ने बेकरी उद्योग स्थापित करने के लिए लगभग 11 लाख रुपये का प्रोजेक्ट तैयार किया। इस प्रोजेक्ट के तहत उन्हें बैंक से 9 लाख 90 हजार रुपये का वित्त पोषण प्राप्त हुआ। लोन मिलने के बाद उन्होंने अपने गांव में बेकरी उद्योग की शुरुआत की। आज आकाश अपनी बेकरी में ब्रेड, क्रीम रोल, बिस्किट सहित अन्य बेकरी उत्पाद तैयार कर गांव में ही बिक्री करते हैं। उनके उत्पादों को ग्रामीणों का अच्छा समर्थन मिल रहा है, जिससे उन्हें नियमित और स्थायी आमदनी हो रही है। इस बेकरी उद्योग के माध्यम से गांव के कुछ बेरोजगारों को भी रोजगार मिला है। उनके पिता और माता भी इस कार्य में निरंतर सहयोग कर रहे हैं।

# सरकारी दफ्तर भी जूझ रहे हैं वाहन पार्किंग की समस्या से

## मामला जनपद पंचायत कोरबा का

अलग खबर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पार्किंग की समस्या आम शहरवासियों के अलावा सरकारी दफ्तर भी जूझ रहे हैं। जहां बैठकों के दौरान शामिल होने वाले ग्रामीण क्षेत्रों से आए कर्मचारियों को अपना वाहन सड़क के किनारे खड़ा करने की मजबूरी हो जाती है। ऐसा ही मामला जनपद पंचायत कोरबा का है। जहां सप्ताह में 2-3 दिन बैठक होती है और वहां वाहन अंदर खड़ा होने के साथ साथ बाहर भी खड़ा करना पड़ता है।

आईटीआई चौक के ठीक सामने स्थित जनपद पंचायत कोरबा में सप्ताह में पंचायत सचिवों और सरपंचों की बैठक आहूत की जाती है। इस बैठक में शामिल होने के लिए जनपद के 76 पंचायतों के सरपंच व सचिव अपने वाहन से पहुंचते हैं जो पहले आ जाते हैं उनकी गाड़ी दफ्तर के परिसर में खड़ी हो जाती है और जो देर से आते हैं उन्हें दफ्तर के बाहर सड़क के किनारे अपने वाहन को खड़ा करना पड़ता है। इनके अलावा जनपद में काम करने वाले कर्मचारी और अपने कामों के लिए आने वाले अन्य लोगों को भी वाहन खड़ा करने की समस्या हो जाती है जबकि परिसर के अंदर ही जगह मौजूद है किंतु अधिकारी उक्त रिक्त जगह का उपयोग नहीं कर पा रहे हैं। परिसर में ही एक तरफ दोमंजिला भवन बना है एवं पूर्व जनपद सीईओ का आवास भी है। उसके आसपास वाहन खड़ा करने की पर्याप्त जगह है। उसके बावजूद उक्त जगह का उपयोग नहीं किया जा रहा है। जबकि उक्त रिक्त जगह के ठीक बगल से पीडब्ल्यूडी स्कूल जाने वाली सड़क मौजूद है। जहां मेन गेट भी लगा हुआ है। उक्त जगह का उपयोग वाहन पार्किंग के लिए किया जा सकता है। क्योंकि वाहन पार्किंग के लिए अधिकारी कर्मचारी को योजनाबद्ध तरीके से कार्य नहीं कर रहे हैं। जिसकी वजह से सड़क के किनारे वाहन खड़ा करने की मजबूरी हो जाती है।

**खास बातें**

- बैठक के समय सड़क के किनारे वाहन खड़ा करने की रहती है मजबूरी




### मार्ग में रहता है यातायात का दबाव

आईटीआई चौक से कोसाबाड़ी चौक तक जाने वाली सड़क में सभी समय यातायात का दबाव हमेशा बना रहता है। मुख्य मार्ग होने के कारण सवारी गाड़ियों के साथ अन्य लोगों के वाहन भी इसी मार्ग से गुजरते हैं। कलेक्टोरेट न्यायालय और नगर निगम, स्टेट बैंक, एसपी ऑफिस इसी मार्ग के किनारे संचालित है जिससे आम लोगों का आना जाना हमेशा लगा रहता है। जिससे वाहनों का दबाव हमेशा बना रहता है। जनपद के सामने सड़क के किनारे वाहनों के खड़ा होने से आम लोगों को सड़क मार्ग से गुजरने में परेशानी का सामना करना पड़ता है।

## जर्वे नहर के पास 11 केवी के दो तार आपस में सटने की वजह से बिजली हुई थी बंद

# मड़वारानी और उसके आसपास के एक दर्जन गांव में 24 घंटे बाद विद्युत व्यवस्था हुई बहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में विद्युत व्यवस्था दुरुस्त होने का नाम नहीं ले रही है। शहर के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र की हालत बद से बत्तर है। मड़वारानी और उसके आसपास क्षेत्र के एक दर्जन गांवों में बिजली बंद तो हुई थी लेकिन उसे दुरुस्त करने में विभाग को 24 घंटे का समय लग गया। इससे सहज अंदाजा लगाया जा सकता है कि विद्युत विभाग के अधिकारी कर्मचारी व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए कितना संजीदा है।

उल्लेखनीय है कि जिला मुख्यालय से लगभग 30 किलोमीटर दूर मड़वारानी और उसके आसपास बसने वाले एक दर्जन गांवों में शनिवार की शाम 6 बजे बिजली बंद हो हुई थी। ग्रामीण स्थानीय अधिकारी कर्मचारियों को विद्युत व्यवस्था बहाल करने के लिए लगातार फोन पर बात करते रहे लेकिन किसी भी अधिकारी ने ग्रामीण या स्थानीय जनप्रतिनिधियों को यह बताने में मुनासिब नहीं समझा कि आखिर बिजली क्यों बंद हुई है और कब तक विद्युत व्यवस्था बहाल हो पाएगी। विभाग के अधिकारियों की लापरवाही से चलते ग्रामीणों में खासा आक्रोश देखा जा रहा था और ठंड होने के बाद भी विद्युत व्यवस्था को बहाल करने में विभाग को लगभग 24 घंटे का वक्त लग गया। बताया जाता है कि पूरी रात मड़वारानी और उसके आसपास बसने वाले गांव में बिजली नहीं आ पाई और अगले दिन रविवार की शाम लगभग 5 बजे किसी तरह विद्युत व्यवस्था को बहाल किया जा सका। आखिर ऐसी क्या तकनीकी खामी आ गई थी कि विद्युत व्यवस्था को बहाल करने में 24 घंटे का समय लग गया। ऐसे भी ठंड के दिनों में बिजली की डिमांड बहुत कम रहती है लेकिन ऐसे में विद्युत व्यवस्था को बहाल करने में कई घंटे का वक्त लग रहा है। इससे सहज अंदाजा लगाया जा सकते हैं कि ग्रामीण क्षेत्र के विद्युत व्यवस्था कितनी अच्छी है। अभी ठंड के दिनों में यदि यह हाल है तो आने वाले अप्रैल महीनों के दिनों में विद्युत व्यवस्था का क्या हाल होगा इससे सहज अंदाजा लगाया जा सकता है, क्योंकि गर्मी आने वाले दिनों में गर्मी बढ़ने वाली है और गर्मी के साथ ही बिजली की डिमांड बढ़ेगी। इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्र के साथ-साथ शहर में भी बिजली की आंख मिचौली जारी रहेगी। यदि विभाग के अधिकारी कर्मचारी समय रहते विद्युत व्यवस्था को दुरुस्त नहीं किया तो निश्चिततौर पर आने वाले दिनों में गर्मी पर विभाग को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

**खास बात**

- फास्ट को खोजने में ही विभाग का निकल गया दम दूसरे दिन हो सकी लाईन चालू




**जर्वे के पास दो तार सटने की वजह से हुई थी बिजली बंद**

ग्राम जर्वे नहर के समीप 11केवी के दो तार आपस में सट गये थे जिसकी वजह से पूरे लाईन में तकनीकी खामी आ गई थी इस फाल्ट को खोजने में कई घंटों का वक्त लग गया। मड़वारानी और उसके आसपास के एक दर्जन गांव में रविवार की शाम विद्युत व्यवस्था को बहाल कर लिया गया है।
**-शत्रुहन सोनी,** विद्युत वितरण विभाग डी ग्रामीण कोरबा

### इन गांवों में बिजली रही बंद

बताया जाता है कि सोहागपुर सब स्टेशन अंतर्गत आने वाले ग्राम खरहरकुड़ा, रोगदा, परसाभाटा, जर्वे, सलवाडेरा, नराईडीह, घांठाद्वारी, दमखांचा,भेलवागुडी, कराईनारा, सीधापाठ, भंवरखोल सहित एक दर्जन गांव 21 घण्टे से अंधेरे में थे। शनिवार को शाम 6 बजे से बिजली गुल हुआ था। बिजली गुल होने से एक दर्जन गांव के ग्रामीण रातभर अंधेरे में रहे। बिजली विभाग के कर्मचारियों एवं जेई टोप्पो को फोन से जानकारी लेना चाहते थे मगर फोन किसी ने नहीं उठाया। जिसे ग्रमीणों में भारी नारजगी देखने को मिला। इन दिनों जहरीले जीव जंतु सांप, बिच्छु एवं आदि जीव जंतुओं का खतरा मंडराने लगा है। बिजली गुल होने कि जानकारी होने के बावजूद विभाग के कर्मचारी के द्वारा लाइन को बनाने कि कोशिश नहीं किया गया। जिसके चलते 12 गांव में 21 घण्टे तक बिजली नहीं थे। रातभर अंधेरे में रहे।

# टैक्स न चुकाने वाले ठेकेदारों पर गिरेगी गाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर निगम में राजस्व वसूली को लेकर हड़कंप मचा हुआ है। निगम आयुक्त आशुतोष पांडेय ने वित्तीय वर्ष की समाप्ति से पहले बकाया टैक्स वसूलने के लिए कड़ा रुख अख्तियार कर लिया है। आयुक्त ने स्पष्ट लहजे में चेतावनी दी है कि निगम के साथ काम करने वाले जो ठेकेदार स्वयं का प्रॉपर्टी टैक्स बकाया रखेंगे, उन्हें तत्काल प्रभाव से ब्लैकलिस्ट करने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

नगर निगम ने चालू वित्तीय वर्ष के लिए लगभग 144 करोड़ के राजस्व का लक्ष्य निर्धारित किया है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, जनवरी के मध्य तक केवल 45 प्रतिशत राशि ही सरकारी खजाने में आ पाई है। इस सुस्त रफ्तार ने प्रशासन की चिंता बढ़ा दी है। राजस्व की इसी कमी को दूर करने के लिए नगर निगम आयुक्त ने सबसे पहले निगम के सहयोगी ठेकेदारों और बड़े बकायेदारों को निशाने पर लिया है। आयुक्त के इस ब्लैकलिस्ट वाले अल्टीमेटम ने ऐसे लोगों की नींद उड़ा दी है। ठेकेदारों को साफ संदेश दिया गया है कि यदि उन्हें भविष्य में निगम के टेंडर प्रक्रियाओं में हिस्सा लेना है, तो पहले अपने बकाया कर का भुगतान करना होगा। राजस्व अमले को निर्देशित किया गया है कि वे वार्ड स्तर पर शिविर लगाकर वसूली में तेजी लाएं। जो बड़े व्यावसायिक प्रतिष्ठान बार-बार नोटिस के बाद भी टैक्स जमा नहीं कर रहे हैं, उनकी संपत्ति कुर्की करने की भी तैयारी चल रही है। आने वाले दिनों में निगम की यह सख्ती और बढ़ने के आसार हैं।

**खास बात**

- नगर निगम आयुक्त ने दी ब्लैकलिस्टेड करने की चेतावनी

# दुर्घटना को निमंत्रण दे रहा लीलागर नदी पर बिना रेलिंग का बना रपटा पुल



**हरदीबाजार।** हरदीबाजार डिंडोलभांठा के मध्य बहने वाली क्षेत्र की जीवनदायिनी लीलागर नदी पर श्रीराम जानकी मंदिर के समीप बना रपटा पुल में रेलिंग नहीं होने से दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। वहीं रपटा पुल के पास ही चेक डेम बना है जिसके गेट को पानी रोकने के लिए बंद किया गया है, इस वजह से नदी में पानी का काफी ज्यादा भराव है । यदि इस रपटा में जरा सी लापरवाही हुई तो सीधे रपटा से नदी में जिससे जान भी जा सकता। पूर्व में की दुर्घटना हो चुकी है जिसमें जान भी जा चुकी है । जिला प्रशासन व क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों को इस दिशा में त्वरित संज्ञान लेने की आवश्यकता है,अन्यथा दुर्घटना से इंकार नहीं किया जा सकता है।

# ग्राम बुढ़ना में आयोजित हुआ वार्षिक उत्सव समारोह



**कोरबा।** प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला बुढ़ना में शुक्रवार को शिक्षा का भव्य आयोजन हुआ। जिसमें उपस्थित हायर सेकेंडरी स्कूल पंतोरा से प्राचार्य पुरुषोत्तम कौशिक, पूर्व प्राचार्य श्रीमती राजकुमारी गिडवानी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य लाल बहादुर, वर्तमान जिला पंचायत सदस्य श्रीमती शशिकला तंवर, सरपंच ग्राम पंचायत हेड़सपुर श्रीमती दिनेश्वरी कंवर, उप सरपंच श्रीमती रानू यादव,सचिव श्रीमती नीलू डहरिया,पंचगण, एसएमसी के अध्यक्ष बलराम यादव, विजय यादव श्रीमती रंजना यादव, बाबूलाल यादव, विनोद सिदार एवं माता-पिता अभिभावकगण की उपस्थिति में बच्चों के द्वारा सुंदर मनमोहन कार्यक्रम प्रस्तुत किया। प्रधानपाठक घनश्याम प्रसाद साहू शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बुढ़ना का जन्म जयंती के रूप में 16 जनवरी को 60 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर वार्षिक उत्सव का कार्यक्रम मनाया गया। कार्यक्रम में सम्मिलित होने वाले बच्चे हायर सेकेंडरी स्कूल पंतोरा, प्राथमिक एवं माध्यमिक स्कूल बक्सरा, हेड़सपुर, बुढ़ना एवं शिक्षकों का सहयोग श्रीमती चंद्रिका कैवर्त, संतोष कुमार यादव, सुरेंद्र कुमार कंवर, राकेश राजवाड़े, अमित कुमार महिलांगे, सुरेश यादव, श्रीमती सेवंती सांडे, श्रीमती कीर्ति रोस खलखो, दिलीप कुमार रात्रे, चूड़ामणी मरार, छेदीलाल मरकाम, कृष्ण कुमार पटेल शामिल हैं।

# धान खरीदी के शेष दिनों में प्रभावी कार्ययोजना से करें खरीदी : दुदावत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिले में धान खरीदी की सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में धान खरीदी के शेष दिवसों में शासन की मंशानुसार पूर्ण सजगता, पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

कलेक्टर श्री दुदावत ने अधिकारियों को प्रभावी कार्ययोजना तैयार कर उसके अनुसार कार्य करने के निर्देश देते हुए कहा कि समितियों में किसी प्रकार की अव्यवस्था नहीं होनी चाहिए। किसानों को धान विक्रय में किसी भी तरह की परेशानी न हो, इसके लिए उन्हें सही एवं स्पष्ट जानकारी उपलब्ध कराई जाए तथा पूर्ण सहयोग प्रदान किया जाए। उन्होंने उपार्जन केंद्रों में विक्रय हेतु आने वाले धान की सुव्यवस्थित ढेरी लगवाने, गुणवत्ता परीक्षण एवं नमी जांच के उपरांत ही धान खरीदी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही समितियों में जाम की स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक पूर्व तैयारियां एवं वैकल्पिक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने निर्देशित किया। कलेक्टर ने कहा कि केंद्रों में आवश्यकता अनुसार तौलाई मशीनों की उपलब्धता बढ़ाई जाए। रकबा समर्पण के साथ-साथ एंट्री कार्य भी समय-सीमा में पूर्ण किया जाए। किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न होने पर तत्काल नोडल अधिकारी को सूचित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में अपर कलेक्टर देवेंद्र पटेल, खाद्य अधिकारी जी.एस. कंवर, जिला विपणन अधिकारी ऋतुराज देवांगन, नोडल कॉपरेटिव बैंक एस.के. जोशी सहित खाद्य निरीक्षक, समिति प्रबंधक, फड़ प्रभारी एवं अन्य विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

**खास बात**

- कलेक्टर ने सजगता, निष्पक्षता और शासन की मंशानुरूप धान खरीदी सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

## रविवार के दिन सबसे ज्यादा लगती है भीड़, आम राहगीरों को होती है परेशानी

# पालम मॉल के सामने लग गया था जाम, यातायात पुलिस पहुंची क्रेन लेकर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शनिवार और रविवार के दिन मॉल में सबसे ज्यादा लोगों की भीड़ उमड़ती है। ज्यादातर लोग इसी दिन खरीदी या सैर सपाटा के लिए पहुंचते हैं लेकिन माल के सामने ही सड़क पर लोग अपने वाहनों को बेतरतीब ढंग से खड़ा कर देते हैं जिसकी वजह से यातायात व्यवस्था चरमरा जाती है। देर शाम को कुछ ऐसी स्थिति निर्मित होने के बाद पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर यातायात पुलिस की टीम क्रेन लेकर मौके पर पहुंची और ताबड़तोड़ कार्रवाई शुरू की। इस दौरान लगभग एक दर्जन से अधिक बाइक को उठाकर पुलिस अपने साथ ले गई। इसके बाद लोग वहां से अपने-अपने बाइक को हटाते नजर आए।


कार्यवाही करती यातायात पुलिस।

उल्लेखनीय है कि शहर के हृदय स्थल टीपी नगर में संचालित पॉम मॉल में रविवार के दिन सबसे ज्यादा लोगों की भीड़ रहती है। इस दौरान बहुत से लोग अपने-अपने दो पहिया और चार पहिया वाहनों को मॉल के सामने सड़क पर ही पार्किंग कर देते हैं जिसकी वजह से शहर की यातायात व्यवस्था ध्वस्त हो गई थी और जाम की स्थिति निर्मित हो गई थी। बताया जाता कि पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी मार्ग से गुजर रहे थे जब उन्होंने यह नजारा देखा तो उन्होंने तत्काल यातायात पुलिस को कार्यवाही करने का निर्देश दिया। जिसके बाद यातायात सउनि मनोज राठौर उनकी टीम क्रेन लेकर मॉल के सामने पहुंचे और पार्किंग में खड़ा ना कर सड़क के पास अव्यवस्थित पार्किंग मोटरसाइकिल को क्रेन से उठाने की कार्यवाही की गई। यातायात सउनि मनोज राठौर ने जानकारी देते बताया कि 15 से अधिक मोटरसाइकिल की जप्ती की कार्यवाही की गई है। पुलिस की कार्यवाही को देखते हुए बाकी मोटर साइकिल चालक कार्यवाही से बचने के लिए अपनी मोटर साइकिल लेकर चलते बने। इस दौरान यातायात पुलिस की टीम ने सख्त हिदायत दी गई है आने वाले दिनों में यदि इस तरह की पार्किंग करते हैं तो उनके खिलाफ इसी तरह की कार्रवाई की जाएगी।

### पैसा बचाने के चक्कर में करते हैं बाहर करते हैं पार्किंग

पॉम माल प्रबंधन ने अंडरग्राउंड पार्किंग बनाया हुआ। मॉल प्रबंधन द्वारा प्रत्येक गाड़ी का अलग-अलग पार्किंग का शुल्क लिया जाता है। ग्रामीण क्षेत्र व शहर के भीतर अलग-अलग क्षेत्र से आने वाले लोग माल के भीतर जाते तो हैं लेकिन माल के भीतर बने पार्किंग में अपनी वाहन को खड़ा नहीं करना चाहते हैं बल्कि पैसा बचाने के चक्कर में माल के बाहर ही सड़क पर ही अपनी मोटरसाइकिल को पार्किंग कर देते हैं जिसके चलते अक्सर रविवार और शनिवार को ऐसी स्थिति निर्मित होती है निश्चित तौर पर यातायात पुलिस व स्थानीय पुलिस को निरंतर ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए ताकि लोग अपनी वाहनों को मॉल में बने पार्किंग स्थल पर ही अपनी वाहनों को खड़ा करें ताकि यातायात व्यवस्था बाधित ना हो।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 10,900/-



रायपुर, बिलासपुर, चांपा, रायगढ़ से होकर
स्पेशल ट्रेन
10 अप्रैल से 17 अप्रैल, 2 अक्टूबर से 9 अक्टूबर 2026 (8 दिन)
गंगा सागर यात्रा
गंगा सागर, श्री जगन्नाथ पुरी, माँ कामाख्या देवी, कोलकाता
(दक्षिणेश्वर काली मंदिर, कालीघाट काली मंदिर, बेलूर मठ)
ऑफर राशि : स्लीपर 10,900/-, 3 एसी-18,500/-, 2 एसी 23,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4 Kamal Vihar , KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:- 7354-411411